विकसित करना समुदाय के नेतृत्व की जिम्मेदारी थी। इसके परिणामस्वरूप गांव स्तर पर गठित स्वयं सहायता समूहों एवं लघु सीमान्त किसान मोर्चा इकाईयों ने समुदाय की समस्याओं हेतु अपनी आवाज मुखर की और उसके समाधान की रणनीति बनाकर उसपर काम करते हुए सफलता भी अर्जित की।

- **नीचे से उपर की ओर रणनीति**

परियोजना की सफलता समुदाय की सहभागिता एवं उनके द्वारा स्वयं की आवश्यकता के आकलन के आधार पर हुए नियोजन पर निर्भर करती है। पैक्स के अन्दर इसी रणनीति को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गतिविधि एवं उसके क्रियान्वयन के लिए नीचे से उपर की ओर रणनीति को अपनाया गया। इसका सबसे सशक्त उदाहरण गांव स्तर पर स्थापित ग्राम्य संसाधन केन्द्र हैं, जिनमें कृषि से सम्बन्धित कुछ छोटे–छोटे उपकरण एवं किताबें आदि उपलब्ध हैं। इस केन्द्र में कौन से उपकरण रखे जाने चाहिए एवं उनका वितरण, प्रबन्धन तथा स्थाईत्व के लिए क्या कारगर तरीका होगा? ये सभी कुछ समुदाय ने स्वयं मिलकर तय किया और उसी आधार पर अपनी आवश्यकताएं पूरी कीं। परिणामतः अकेले सन्त कबीर नगर में पूरी परियोजना अवधि में कुल चार संसाधन केन्द्रों से लगभग रू0 45000.00 की आय हुई और इन संसाधन केन्द्रों ने तीसरी बार खुद की जरूरत के अनुसार सामानों को स्वयं से क्रय किया है।

- **अनुभव आदान–प्रदान**

परियोजना की सफलताओं को विस्तारित करने, असफलताओं से सीख लेकर आगामी रणनीति तय करने तथा नवोन्वेषों के उद्‌देश्य से अनुभव आदान–प्रदान एक व्यावहारिक रणनीति है। पैक्स परियोजना के तहत् इस रणनीति का इस्तेमाल गांव से लेकर राज्य स्तर तक के विभिन्न मंचों पर किया गया और अपनी सफलताओं को बड़े पैमाने पर विस्तारित कर नीतियों में परिवर्तन की संभावनाओं को एक विस्तार प्रदान किया गया। इस हेतु प्रत्येक तीन माह पर सरकारी अधिकारियों के साथ जिलास्तरीय फोरम, अन्य हितभागियों के साथ बैठकें, इण्टरफेस, ब्लाकस्तरीय गोष्ठियां, राज्यस्तरीय कार्यशालाएं आदि आयोजित की गयीं।

- **नो सर्विस डिलेवरी**

लक्षित समुदाय को अंशदान के साथ सामान उपलब्ध कराना जी0ई0ए0जी0 की अपनी विशिष्ट शैली रही है। इस शैली को पैक्स परियोजना में भी लागू किया गया और इसके अपेक्षित परिणाम दिखे हैं। समुदाय किसी भी गतिविधि, सामग्री या हस्तक्षेप से तभी जुड़ता है, जब उसके साथ आत्मीयता हो। परियोजना के अन्दर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा सामाजिक–वानिकी को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से 7600 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस हेतु रणनीति बनाई गयी कि पौधों का मूल्य किसान स्वयं भुगतान करे तथा प्रमाणित स्थल से समुदाय तक पौध पहुंचाने की जिम्मेदारी संस्था की होगी। साथ में पौध खरीदते वक्त किसान प्रतिनिधि भी साथ में होगे। इसके पीछे दो सोच थी – पहला तो किसान की पहुंच खुद उस संस्थान/विभाग/स्थान तक होगी, दूसरा जब किसान की स्वयं की हिस्सेदारी होगी तो उसकी देख–रेख भी बखूबी होगी और दीर्घकालिक उद्‌देश्यों की प्राप्ति होगी। नतीजतन आज 90 प्रतिशत पौध जीवित एवं अच्छी स्थिति में हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदायों तक स्वयं पहुंचाने के बजाय समुदाय का जुड़ाव उस विभाग/कार्यक्रम/योजनाओं से कराने पर विशेष जोर दिया गया।

- **समस्या समाधान**

समस्या को चिन्हित कर उसके समाधान की पूरी रणनीति तैयार कर उसी अनुसार काम किया जाता है। इस रणनीति को किसान विद्यालय वाली गतिविधि में विशेष तौर पर प्रयुक्त किया गया। पहले गांव व लक्षित समुदाय की समस्याओं की पहचान कर उससे सम्बन्धित विषय विशेषज्ञों को बुलाया गया ताकि विषय की उपयुक्तता बनी रहे। अलग–अलग किसान दिवस सत्रों में अलग–अलग विषय विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों आदि को बुलाया जाना इसी रणनीति का एक हिस्सा रहा।

## चुनौतियां

पूरी परियोजना अवधि में काम करने के दौरान विभिन्न विषयों से सम्बन्धित चुनौतियां सामने आयीं, जिन्हें कुछ विशिष्ट रणनीति के तहत् दूर करने का प्रयास किया गया –

- मनरेगा एवं भूमि अधिकार से सम्बन्धित मुद्दे प्रत्यक्ष तौर पर प्रधान से सम्बन्धित होने के कारण प्रारम्भ में उनका सहयोग न के बराबर था। कई गांवों में तो प्रधान बल प्रयोग पर भी उतारू हो जाते थे। इस चुनौती से निपटने हेतु मुख्य तौर पर निम्न रणनीतियां अपनाई गयीं –
    - प्रधानों के साथ समय–समय पर बैठकें आयोजित कर विषय के प्रति संवेदनशील बनाया गया।
    - कुछ प्रधानों का भ्रमण संस्था द्वारा कार्य किये गये पुराने क्षेत्रों में कराया गया।
    - अति उग्र प्रधानों के साथ नियमित रूप से सम्पर्क स्थापित कर अपने कार्य की जानकारी दी जाती रही।

    परिणामतः उन्हें यह स्पष्ट हुआ कि ये हमारे विरोधी नहीं वरन् सहयोगी की भूमिका में हैं और फिर उन्होंने सहयोग करना प्रारम्भ किया।

- यद्यपि कि भेद–भाव व सामाजिक वंचना के परम्परागत तरीके तो अब प्रत्यक्ष तौर पर दिखते नहीं हैं और इसी कारण सामाजिक भेद–भाव के बहुत से मामले सामने नहीं आये, फिर भी **भटपुरवा व समोगर गांव में महिलाओं को काम न मिलना तथा समोगर गांव काम के स्थान से** सम्बन्धित भेद–भाव के दो मुद्दे सामने आये। इन दोनों ही मुद्दों से निपटने हेतु सामुदायिक नेतृत्व को सक्षम एवं सशक्त बनाने का कार्य प्रमुख तौर पर किया गया और समुदाय ने अपनी सांगठनिक शक्ति के आधार पर उचित बिन्दु पर दबाव बनाकर भेद–भाव को समाप्त करने में सफलता पाई।
- गांवों की दूरी आपस में बहुत अधिक होने के कारण किसान विद्यालयों तथा ग्राम्य संसाधन केन्द्रों की अवधारणा तथा लाभों से मुख्य गांव के अलावा अन्य गांव परिचित नहीं हो पाते थे। इससे निपटने हेतु मुख्य तौर पर मोबाइल किसान विद्यालय तथा विकेन्द्रित ग्राम्य संसाधन केन्द्र की रणनीति अपनाई गयी, जो सफल भी रहा। घूरापाली किसान विद्यालय से काटकर चिकनियाडीह में कुछ सामग्री को रखना एवं उसका वित्तीय प्रबन्धन अथवा भौरा से सम्बद्ध पिड़ारीकलां में सिंचाई पाइप का संचालन एवं वित्तीय प्रबन्धन इसी विकेन्द्रित ग्राम्य संसाधन केन्द्र का उदाहरण है।

## Interventions to strengthen community leadership and action

समुदाय के नेतृत्व एवं कार्यों को सशक्त बनाने की दिशा में निम्न हस्तक्षेप किये गये –

**महिला किसान समूह (WFG):** **120 समूह 2849 सदस्य**

अनुसूचित जाति व मुस्लिम समुदाय विशेषकर महिलाओं की नेतृत्व क्षमता उभारते हुए प्रत्येक गांव स्तर पर 2 महिला किसान समूहों का गठन किया गया। इन समूहों में समान आर्थिक स्थिति, समान समुदाय एवं समान आवासीय स्थिति की औसतन 13–15 सदस्यों को शामिल किया गया है। समूह गठन के दौरान सबसे पहले चिन्हित समुदाय के बीच बैठक कर समूह के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए उनकी स्वइच्छा के आधार पर समूह का गठन किया गया। समूह के गठन, नामकरण, पदाधिकारियों का चुनाव, समूह से जुड़े रहने के नियम कायदे–कानून सभी में समुदाय की सहभागिता एवं उनकी वरीयता को प्राथमिकता दी गयी, ताकि परियोजना समाप्ति के बाद भी समूह स्वयं काम चलता रहे।

संगठन को मजबूती व स्थाईत्व प्रदान करने के लिए स्वयं सहायता समूहों के रूप में चुनी गयी महिला किसान समूह की सदस्यों के लिए बैठक के दिन पैसा जमा करना एक गतिविधि के रूप में है। मुख्य तौर पर एक निर्धारित तिथि एवं निश्चित स्थान पर मिल बैठकर ये अपनी एवं समुदाय की समस्याओं तथा उनके समाधान के उपर चर्चा कर रणनीति निर्धारण एवं क्रियान्वयन करती हैं। समूह से जुड़ी बातों को बिन्दुवार निम्न प्रकार देख सकते हैं –

- बैच के रूप में सभी महिला किसान समूहों का एक दिवसीय प्रशिक्षण
- सभी महिला किसान समूहों की पदाधिकारियों का समय–समय पर विषयगत प्रक्षिण/उन्मुखीकरण।
- इन विषयों में समूह के रख–रखाव, संचालन, आय–व्यय का लेखा–जोखा आदि के साथ–साथ सामाजिक मुद्दों जैसे – सामाजिक वंचना, भेद–भाव, सूचना के अधिकार, घरेलू हिंसा, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम आदि पर विषय विशेषज्ञों, विधि विशेषज्ञों एवं जुझारू कार्यकर्त्ताओं द्वारा उन्मुखीकरण किया गया।
- प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर बैठकें होती हैं। आरम्भ में क्लस्टर कोआर्डिनेटर व परियोजना अधिकारी के सहयोग से बैठकें करती थीं, अब स्वयं से बैठकें करती हैं।
- बैठकों में बचत, ऋण के साथ–साथ सामाजिक मुद्दों (सड़क/खड़ंजा निर्माण, पेंशन की समस्याएं, आंगनबाड़ी आदि पर चर्चा)
- सरकारी योजनाओं (मनरेगा, भूमि अधिकार सम्बन्धी) पर गहन चर्चा

**लघु सीमान्त किसान मोर्चा (LSKM)** **60 इकाई – 100 सदस्य/इकाई**

परियोजना क्षेत्र में वंचित समुदाय के छोटे, मझोले, भूमिहीन, महिला किसानों को उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक करने तथा समाधान के लिए नेतृत्व तैयार करने की दृष्टि से प्रत्येक गांव में लघु सीमान्त किसान मोर्चा की एक–एक इकाई का गठन किया गया। गांव स्तर पर तैयार इस संगठनात्मक ढांचा में एक अध्यक्ष एवं एक सचिव का गठन सर्व सहमति से किया गया। इस संगठन से प्रत्यक्ष तौर पर 6000 किसानों का जुड़ाव है, जिसमें 80 प्रतिशत महिला किसान हैं। यह संगठन प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर बैठकें कर अपनी समस्याओं की पहचान, उनके समाधान की रणनीति एवं जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करता है और उस पर अमल करता है। मोर्चा न सिर्फ गांव स्तर पर छोटे खेतिहर परिवारों की समस्याओं के उपर बात करता है, वरन् भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के हितों को भी सामने रखता है। मनरेगा में काम न मिलना, विशेषकर महिलाओं को काम न मिलना, महिलाओं को दूर काम दिया जाना, सरकारी विभागों तक पहुंच, योजनाओं से जुड़ाव आदि में लघु सीमान्त किसान मोर्चा ने अपनी महत्वपूर्ण

भूमिका निभाई है। मोर्चा से जुड़े कुछ प्रमुख बिन्दुओं को निम्नवत् देख सकते हैं –

- प्रत्येक माह की निर्धारित तिथि पर बैठक
- बैठक में गांव, समुदाय से सम्बन्धित मुद्दे (मनरेगा से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों जैसे – जाब कार्ड का न होना, जाब कार्ड प्रधान या उनके लोगों के पास होना, काम का न मिलना, महिलाओं को उचित जगह काम न मिलना आदि) पर सघन कार्य
- सभी लघु सीमान्त किसान मोर्चा पदाधिकारियों का एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण।
- प्रत्येक गांव में मोर्चा से जुड़े सदस्यों का ग्रामस्तरीय उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण

**ग्रामस्तरीय गतिविधियां :**

अब तक सरकारी, अर्धसरकारी, स्थानीय निकायों द्वारा किये जाने वाले कार्यों में विभिन्न स्तरों पर वंचित समुदायों विशेषकर महिलाओं के साथ भेद–भाव एक अहम हिस्सा रहा है। बिन्दुवार देखें तो –

- खेती से जुड़ा अधिकांश कार्य महिलाएं ही सम्पादित करती हैं, परन्तु जब भी तकनीकी ज्ञान, दक्षता व कौशल की बात आती है तो इनको शामिल नहीं किया जाता है।
- सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से जुड़ाव में कागज पर तो वंचित समुदायों तथा महिला किसानों की प्रतिभागिता दर्शाई जाती है, परन्तु वास्तव में योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ पात्रों को नहीं मिल पाता है।
- गांव स्तर पर आरक्षण के कारण महिलाएं एवं वंचित वर्ग के लोग चयनित होकर तो आ जाते हैं, परन्तु वास्तविक बागडोर अन्यों के हाथ में ही होती है।

ऐसे और भी बहुत से उदाहरण हैं, जो पैक्स परियोजना के अन्दर चिन्हित हुए और जिनके उपर काम करने के लिए परियोजना ने गांव से लेकर राज्य स्तर तक Space उपलब्ध कराया –

- गांव स्तर पर प्रति माह संचालित किये जाने वाले **21 किसान विद्यालयों** के माध्यम से लक्षित समुदायों के विशेषकर महिला किसानों को तकनीकी ज्ञान/जानकारियों, कौशल, दक्षता के उपर अद्यतन किया गया। इस हेतु विषय विशेषज्ञों, अनुभवी किसानों को गांव स्तर पर लाने का काम परियोजना के अन्दर हुआ।
- ''सरकारी योजनाएं गांव तक'' की कहावत को इस परियोजना के माध्यम से चरितार्थ किया गया। वंचित समुदाय की महिलाओं के आजीविका संवर्धन हेतु किसान विद्यालयों एवं अन्य गोष्ठियों के माध्यम से विभिन्न सम्बन्धित सरकारी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को गांव तक लाकर योजनाओं से जुड़ाव सुनिश्चित किया गया। **Backyard Poultry Scheme से विभिन्न गांवों की 260 महिलाओं का जुड़ाव इस सफलता को इंगित करता है।**
- भेद–भाव के मुद्दों पर सघन रूप से काम करने के लिए समय – समय पर ब्लाक से लेकर जिला स्तर तक गोष्ठियों का आयोजन कर सम्बन्धित अधिकारियों/विभागों के साथ अनुभवों को साझा किया गया और समाधान की दिशा में अग्रसर हुए। **मनरेगा में काम न मिलने की शिकायत टोलफ्री पर कर समोगर गांव की 22 महिलाओं ने अलग–अलग चरणों में कुल 35 दिन का काम प्राप्त किया और काम के स्थल को लेकर होने वाले भेद–भाव को भी दूर किया।**
- परियोजना के अन्दर प्रत्येक तीन माह में जिलास्तरीय फोरमों का आयोजन न सिर्फ सरकारी विभागों/कार्यक्रमों/योजनाओं से जुड़ाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे, वरन् इससे लक्षित समुदाय का सीधा संवाद व सम्पर्क कायम हुआ और वे संस्थागत मदद के बगैर भी विभागों/योजनाओं/कार्यक्रमों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित कर सके हैं। **पंचायती राज विभाग से जुड़ाव सुनिश्चित कर साड़े कलां की महिलाओं ने न सिर्फ अपने गांव में वरन् पास के दूसरे**

**गांव में भी कुल 400 शौचालयों की स्थापना अपनी देख–रेख में सुनिश्चित कराई।**

- विभिन्न समयान्तराल में आयोजित होने वाले इण्टरफेस, राज्य एवं राष्ट्र स्तर की कार्यशालाओं में न सिर्फ महिला किसानों ने अपनी सफलता को बताया, वरन् देश स्तर के अनुभवी विद्वजनों से यह अपील भी की कि वे नीतियों में महिलाओं एवं वंचित समुदाय को स्थान दिये जाने की वकालत करें।
- पैक्स ने समय – समय पर महिलाओं को अपनी आवाज मुखर करने का एक मंच प्रदान किया, जिससे उनके अन्दर आत्मविश्वास बढ़ा और वे समाज में अपनी पहचान, सम्मान एवं हक अधिकार को लेकर सजग हुई हैं।

## CBO- A legacy of empowered citizens

चूंकि पैक्स का मुख्य फोकस ''अधिकार आधारित आजीविका पर'' है। अतः इसके लिए आवश्यक है कि ग्राम स्तर पर संगठन का निर्माण हो। संगठन में शक्ति से यह परिलक्षित होता है कि वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में ''अधिकार आधारित आजीविका'' के लिए संगठन बनाना, वंचित समुदाय का सशक्त होना, उनका सामूहिक होना अति आवश्यक है। अर्थात् जब आप सशक्त, संगठित हों तभी आपको अधिकार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

- चूंकि पैक्स के अन्तर्गत लक्षित समुदाय निर्धनतम परिवार हैं। अतः उनके दैनिक जीवन की आवश्यकता हेतु धन की जरूरत पड़ती है। ये सभी परिवार आवश्यकता पड़ने पर लेन–देन का कार्य महाजनों, बनियों व बड़े लोगों से करते हैं। इस लेन–देन के चक्कर में इनका शोषण आवश्यक रूप से होता है। अतः स्वयं सहायता समूहों का गठन करके बैंक से जुड़ाव सुनिश्चित किया गया ताकि शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक शोषण से इनकी मुक्ति हो सके।
- लघु सीमान्त किसान मोर्चा द्वारा ही अधिकांशतः ''अधिकार आधारित मुद्दों'' पर कार्य किया जाता है। सरकार द्वारा गांव में संचालित कल्याणकारी योजनाओं, ''मनरेगा में काम मांगो अभियान'', भुगतान आदि से जुड़े मुद्दों पर काम किया गया है।

## Evidence

- स्वयं सहायता समूहों व लघु सीमान्त किसान मोर्चा की बैठकें मासिक आधार पर होना।
- स्वयं सहायता समूहों की जमा मासिक आधार पर सुनिश्चित होना।
- लेखा–जोखा रजिस्टर का ठीक से व्यवस्थित होना।
- स्वयं सहायता समूहों का बैंक से जुड़ाव, बैंक में खाता खुलना।
- बैंक पास–बुक का व्यवस्थित होना।
- ऋण के माध्यम से आयजनक कार्य करना ;मुख्यतः खेती से सम्बन्धितद्ध
- मुख्य समाचार पत्रों में सफलता की कहानियों का प्रकाशन
- प्रत्येक तीसरे माह के पखवारे पर काम मांगों अभियान चलाया जाना
- सफल भूमि अधिकार अभियान
- हेल्प लाइन नं0 का प्रयोग
- सम्बन्धित अधिकारियों को ज्ञापन/मांग पत्र
- जिलास्तरीय फोरमों/इण्टरफेस में सरकारी अधिकारियों की भागीदारी व समस्याओं का समाधान
- स्वयं सहायता समूहों/लघु सीमान्त किसान मोर्चा की बैठकें एवं प्रशिक्षण
- लघु सीमान्त किसान मोर्चा का पंजीकरण
- किसान विद्यालयों को किसान क्लब में परिवर्तित करना।
- किसान उत्पादक संघ के निर्माण की प्रक्रिया

## Effective engagement with service providers

पैक्स परियोजना से जुड़ाव के पश्चात् सहयोगी संस्थाओं समाज कल्याण एवं बाल विकास परिषद, घुघली, महाराजगंज तथा जन कल्याण संस्थान, पड़रौना, कुशीनगर की स्वयं की क्षमता में भी वृद्धि हुई है। विकास खण्ड एवं जनपद स्तर पर विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी हितभागियों के साथ नियमित सम्पर्क बने और इसका लाभ भी संस्था को मिला।

न सिर्फ सरकारी वरन् गैर सरकारी संस्थानों से भी जुड़ाव सुनिश्चित हुआ। उपवन, लखनउ ने मनरेगा के विभिन्न पहलुओं – सघन सहभागी अभ्यास नियोजन तथा सोशल आडिट पर विकेन्द्रित ढंग से प्रशिक्षित कर कार्यकर्त्ताओं के साथ–समुदाय के लोगों का भी क्षमता वर्धन किया, जिसका लाभ लेते हुए सम्बन्धित हितभागियों के साथ प्रभावी संवाद एवं सम्पर्क कायम किया गया।

''27 दिसम्बर, 2013 को हुई इण्टरफेस में कृषि विभाग के मण्डल स्तर तक के उच्चाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान संयुक्त निदेशक, कृषि डा0 अशोक कुमार ने इण्टरफेस में उपस्थित सभी महिलाओं को सम्बन्धित सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों में वरीयता देने का आश्वासन दिया और इसके सापेक्ष अब महिलाओं को सरकारी बीज गोदाम पर लाइन नहीं लगाना पड़ता है। साथ ही नये कार्यक्रम आने पर उसकी सूचना भी फोन द्वारा इन महिलाओं को विभाग की ओर से दी जाती है।''

जनपद सन्त कबीर नगर में संस्था के स्थानीय प्रशासन के साथ सम्बन्ध मजबूत हुए हैं। मनरेगा से सम्बन्धित ब्लाकस्तरीय प्रशिक्षण दल में संस्था के कार्यकर्त्ताओं एवं परियोजना अन्तर्गत चयनित मास्टर ट्रेनरों का चयन किया गया है और विगत दो वर्षों से वे सरकार के साथ मिलकर ब्लाक मेहदावल के सभी गांवों का सघन सहभागी अभ्यास नियोजन कर रहे हैं। इस वर्ष भी परियोजना समाप्ति के बाद भी मास्टर ट्रेनर इस कार्य में संलग्न हैं। इस प्रकार समुदाय और सरकार का एक बेहतर सम्बन्ध विकसित होने से एक तरफ तो इन मास्टर ट्रेनरों की पहचान विकास खण्ड स्तर पर बनी है और दूसरी तरफ इनकी आय का एक स्रोत भी तैयार हुआ है।

परियोजना के अन्दर मनरेगा विषय पर विशिष्ट ध्यान देने के कारण उसके सभी पहलुओं के उपर व्यापक कार्य किया गया। इस क्रम में सोशल आडिट दल के साथ भी बेहतर सम्बन्ध विकसित हुए हैं और तीनों जनपदों में सोशल आडिट ब्लाक कोआर्डिनेटर से सम्पर्क कर चयनित गांवों के सोशल आडिट में संस्था से जुड़े समुदाय आधारित संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित कर गुणवत्ता पर जोर दिया गया।

स्थानीय स्तर पर बात करें तो मनरेगा एक संवेदनशील विषय होने के कारण ग्राम प्रधान एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि का रूख बहुत सकारात्मक नहीं था। परन्तु जब उनके साथ नियमित सम्पर्क स्थापित कर अपने उद्देश्यों एवं विषयों की जानकारी दी जाती रही तो उनके विचार में परिवर्तन हुआ और अब वे वंचित समुदायों, विशेषकर महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर काम दे रहे हैं।

विभिन्न प्राधिकरणों/अभिकरणों/संस्थानों से संस्था के जुड़ाव को निम्नवत् देखा जा सकता है –

**राष्ट्र स्तर पर सम्बद्धता –** – राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अभिकरण

**राज्य स्तर पर सम्बद्धता –** – राज्य आपदा प्रबन्धन अभिकरण
– बिहार राज्य आपदा प्रबन्धन अभिकरण – वन्य जीव–जन्तु समिति

**जनपद स्तर पर सम्बद्धता –** – आत्मा –जेई (जापानीज इन्सेफेलाइटिस)
– जनपद आपदा प्रबन्ध अभिकरण –राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन

## Learning and legacy

- स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग मिलने पर कार्य की प्रभाविता कम समय में ही दिखने लगती है।
- विभागों के आपसी जुड़ाव व समन्वयन से गतिविधियों के प्रति लाभार्थियों की रूचि बढ़ती है।
- प्रत्येक गतिविधि में नियोजन से लेकर क्रियान्वयन तक के प्रत्येक स्तर पर समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने से परियोजना समाप्ति के बाद समुदाय स्वयं का स्वामित्व लेकर उसे स्थाईत्व प्रदान करती है। प्रत्येक पांच गांव पर स्थापित एक ग्राम्य संसाधन केन्द्र इसका सशक्त उदाहरण है, जहां वंचित समुदाय की महिला किसानों ने अपनी आवश्यकता का आकलन स्वयं कर कृषि से सम्बन्धित कुछ छोटे–छोटे उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। उससे हुए लाभ का आकलन करें तो –
- प्रत्यक्ष तौर पर सभी संसाधन केन्द्रों से लगभग 45000.00 रू0 की आमदनी हुई।
- महिलाओं के समय, श्रम व पैसे की बचत हुई। बाहर से लेने पर उनको एक घण्टे का शुल्क रू0 20.00 देना पड़ता था, जबकि यहां पर वह सिर्फ रू0 10.00 ही देती हैं।
- पांच से दस किमी0 की दूरी से सिंचाई पाईप लाने में महिलाओं की एक दिन की मजदूरी रू0 150.00 चली जाती थी, गांव पर ही संसाधन केन्द्र स्थापित हो जाने से उसकी बचत हुई।

### संस्था के पूर्व के अनुभवों के साथ परियोजना बाद का स्थाईत्व नियोजन

संस्था के पास अपना एक स्थाईत्व नियोजन पहले से ही मौजूद है, जिसके तहत् कुछ निश्चित कार्य परियोजना के अन्दर प्रस्तावित हैं –

### Table – 5 Sustainability Plan

| गतिविधि | स्थाईत्व नियोजन |
|---|---|
| लघु सीमान्त किसान मोर्चा | • ग्राम से लेकर प्रदेश स्तर तक की इकाई का गठन किया गया है।<br>• ट्रेड यूनियन एक्ट के अन्तर्गत एक रजिस्टर्ड संस्था है, जिसकी अपनी नियमावली एवं प्रदेश स्तर पर कार्यालय है।<br>• आर्थिक स्थाईत्व के लिए सदस्यता शुल्क का प्रावधान है।<br>• पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता भी है।<br>• वंचित समुदाय एवं विशेषकर महिलाओं को नेतृत्व स्तर पर आगे लाने का कार्य प्राथमिकता के तौर पर किया जा रहा है।<br>• गांव के स्तर पर मासिक बैठक सम्पन्न होना प्राथमिकता में शामिल है। भेद–भाव सम्बन्धी समस्याओं की पहचान एवं उसके निदान हेतु रणनीति तैयार करना।<br>• ब्लाक एवं जिले स्तर पर गठित इकाईयों की प्रत्येक तीन माह पर बैठक प्रस्तावित है।<br>• गांव स्तर पर निकले मुद्दों/समस्याओं के उपर सुनियोजित रणनीति के तहत् क्रियान्वयन |
| महिला किसान समूह/ स्वयं सहायता समूह | • गांव स्तर पर गठित ढांचाबद्ध संगठन है, जिसकी अपनी नियमावली है।<br>• आर्थिक स्थाईत्व के लिए बैंक से जोड़ने का कार्य किया गया है।<br>• गांव पर ही आर्थिक आवश्यकता पूरी होने के कारण संगठनात्मक ढांचा मजबूत |

| | |
|---|---|
| | हुआ है।<br>• जानकारियों/सूचनाओं के स्तर पर सम्पन्न किया गया है।<br>• सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों तक पहुंच बढ़ाने हेतु प्रत्यक्ष संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है।<br>• सरकार/सम्बन्धित विभाग (कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मनरेगा आदि) को भी अपने लक्ष्य को पूरा करने हेतु एक उचित मंच मिला है।<br>• नरेगा के अन्तर्गत वार्षिक कार्य नियोजन बनाने में समुदाय स्तर पर गठित संगठन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वंचित समुदाय की आवश्यकताओं का आकलन, प्राथमिकीकरण, काम के लिए दिनों एवं समय की पहचान आदि का कार्य ये महिला सदस्य बखूबी कर रही हैं।<br>• सामाजिकता बढ़ी है। |
| ग्राम्य संसाधन केन्द्र | • गांव स्तर पर ग्राम्य संसाधन केन्द्र के रूप में गांव में सामाजिक पूंजी तैयार हुई है।<br>• जो गांव स्तर पर वंचित समुदाय विशेषकर महिलाओं को न्यूनतम शुल्क पर कृषिगत संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराती है।<br>• महिलाओं के समय, श्रम, पैसे की बचत होने से उन्हें अन्य संगठनात्मक कार्यों को करने के लिए समय मिल रहा है। |
| किसान विद्यालय | • किसान विद्यालयों को नाबार्ड के सहयोग से किसान क्लब में परिवर्तित करने की प्रक्रिया चल रही है।<br>• किसान क्लब में परिवर्तित होने के बाद भी किसान विद्यालय यथावत् चलते रहेंगें।<br>• सूचनाएं एवं जानकारियां निरन्तर गांव वालों तक पहुंचती रहेंगी।<br>• सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से जुड़ाव होता रहेगा। |
| जिलास्तरीय फोरम | • प्रत्येक तीन माह पर विभिन्न हितभागियों एवं सम्बन्धित विभागों के साथ जिलास्तरीय फोरम का आयोजन विभिन्न विभागों/योजनाओं/कार्यक्रमों के साथ जुड़ाव की दिशा में एक सशक्त कदम है।<br>• जिले एवं राज्य स्तर पर होने वाली बैठकों के माध्यम से – आयुक्त, संयुक्त निदेशक कृषि, एस0डी0एम0ए0, राहत आयुक्त, वन विभाग, अनुसंधान केन्द्र आदि से एक बेहतर समन्वयन स्थापित हो रहा है।<br>• सम्बन्धित योजनाओं/कार्यक्रमों को वंचित समुदायों तक पहुंचाने में मदद की जाती है एवं वंचित समुदायों के हितों को ध्यान में रखते हुए नीतिगत परिवर्तन की पैरवी की जाती है। |
| तकनीकी दक्षता | • जानकारियों/सूचनाओं से सम्पन्न गांव स्तर पर गठित इन संगठनों से जुड़ी महिलाएं मनरेगा निगरानी समिति एवं सोशल आडिट समिति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में प्रयासरत हैं।<br>• वंचित समुदायों की महिलाएं गांव स्तर पर गठित पंचायत समितियों जैसे – शिक्षक अभिभावक समिति, निर्माण समिति, मूल्यांकन समिति आदि में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।<br>• आगामी पंचायत चुनाव में इनकी योजना पंचायत प्रतिनिधियों के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की है। |
| अन्य संगठनों (सरकारी/गैर सरकारी) से समुदाय | • प्रदेश स्तर पर चल रहे आरोह अभियान के तहत् आरोह मंच से महिला किसानों/मनरेगा मजदूरों/समूहों का जुड़ाव<br>• जिले स्तर पर गठित आत्मा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में महिलाओं की सक्रिय |

| | |
|---|---|
| आधारित संगठनों का जुड़ाव | भागीदारी है।<br>• महिला किसान समूह तथा लघु सीमान्त किसान मोर्चा से जुड़ी महिलाएं आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ती, अध्यापक–अभिभावक संघ की अध्यक्ष, सदस्य आदि हैं।<br>• जिले स्तर पर गठित जिलास्तरीय फोरम (मनरेगा) समान उद्देश्यों पर काम करने वाली स्वैच्छिक संगठनों के मंच का गठन।<br>• प्रत्येक तीन माह पर आयोजित होने वाली बैठक में मनरेगा से सम्बन्धित जिले स्तर की समस्याओं का आकलन, विश्लेषण कर उनके समाधान हेतु यथोचित स्थानों तक अपनी बात पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित किया जायेगा।<br>• प्रदेश स्तर पर गठित सान–यूपी (स्थाई कृषि नेटवर्क, उत्तर प्रदेश) समान उद्देश्यों के लिए काम करने वाली स्वैच्छिक संगठनों का एक नेटवर्क है, जिसके माध्यम से समय–समय पर नीतिगत मुद्दों को शासन के समक्ष प्रस्तुत कर नीतिगत बदलाव हेतु एडवोकेसी की जाती है।<br>• समय–समय पर जी0ई0ए0जी0, सान–यूपी एवं लघु सीमान्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तर पर महिला किसान संसद अथवा जन संसद के नाम से विशाल कार्यक्रम का आयोजन कर उसमें सम्बन्धित विभागों के आला अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों जैसे कृषि मंत्री आदि को बुलाकर उनके साथ भी प्रक्रिया को स्थाईत्व देने का कार्य सतत् चलता रहता है। |
| नीतिगत पैरवी की दिशा में संस्था की सम्बद्धता | राष्ट्र स्तर पर सम्बद्धता –<br>• राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अभिकरण<br><br>राज्य स्तर पर सम्बद्धता –<br>• राज्य आपदा प्रबन्धन अभिकरण<br>• वन्य जीव–जन्तु समिति<br><br>जनपद स्तर पर सम्बद्धता –<br>• आत्मा<br>• जे ई (जापानीज इन्सेफेलाइटिस)<br>• जनपद आपदा प्रबन्धन अभिकरण<br>• राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन |

## Voices from the community

**Case study 1**

**Riding the surge of social change – an untold story of a women in modern India**

Nothing could be more humiliating and undignified than people discriminated from pursuing their dreams by virtue of their birth in particular caste, race, religion or language. Founding fathers of the Indian constitutions were aware of deep-rooted social prejudices that existed in Indian society, depriving socially under privileged and oppressed communities from fulfilling their dreams. Severities of discriminations have been such that even after independence of country sections of communities continue to get discriminated either overtly or covertly in myriad shades and forms. Settlement pattern in rural India is vivid description of social injustices where Dalit and other socially weaker sections reside and are systematically denied from opportunities to develop. Plight of women is seen to be believed. She is silent sufferer across all communities and is multiply deprived when belonged to under-privileged class/castes. Social education of nuanced exclusions is formally and informally learnt through age-old community institutions often overriding wisdom of statutory institutions. Law of land does not preach discrimination however it faces turbulence from existing social orders. Village Bharpurva of district Sant Kabir Nagar stands at the cross of writing a new social order of power relations between institutions and individuals.

Situated on banks of river Aami around 300 households and 2000 odd population of Bharpurva mostly belong to Dalit and minority communities. Large majority of households in Bharpurva village are small landholders of agriculture, which is mainstay of livelihoods for families. Seasonal floods and water logging incur huge losses to standing crops, leaving barely enough grains for families to feed through the year. People are impoverished due to lack of skills, weak social security net, which is further eaten away by prevailing discriminatory practices and poor monitoring by government. Village Bharpurva has its own elected village council, *Gram Panchayat* ($3^{rd}$ tier government) with Mr. Shakeel as elected leader from minority community. Power to govern people however is vested in Mr. Jalalluddin who happens to be the son of Mr. Shakeel. Though representation of people cannot be transferred under rules to any other person, constituency cannot also be represented in proxy by family members or friends. It is an irony that neither administration nor people of Bharpurva have any problems with Mr Jalalluddin working for his father Mr. Shakeel who is sole arbitrator to decide beneficiary under government schemes and programme. Mr. Jalaluddin owns a business of construction material supply in neighbouring township area of Mehdawal. He decides who will be beneficiaries to get job card under NREGA and what works are to be done in village under NREGA. On one such occasion when Jallaluddin decided to deepen a village pond in Bharpurva using funds from NREGA. He decided that only male members of village community will get job for pond digging project. Jallaluddin knew well that his decision 'men only can work' is quite a violation of standing rule and procedure of government but thinking that no one in village can dare to challenge his decision. He was not aware however that women have been informed about their right and entitlements under NREGA by Laghu Seemant Kisan Morcha (LSKM), a federation of

village households to work as watchdog for implementation of government schemes. Mrs. Shanti, Kamrunnisa and Indravati, resident of Bharpurva had job cards but were not sure that Jalluddin will allow them to work in project. Women of Bharpurva had never approached panchayat for work under NREGA. Line of discrimination passes along gender and castes in communities is pretty evident to every household and so was it to three women who are from Dalit and minority community. Informed on rules and empowered by federation, these three women decided to overcome apprehension of abuse and social antagonism commonly faced by women of Bhrpurva. When they approached Jallaluddin with request for job, it was summarily rejected. Jallaluddin tried to convince women that pond digging is labour intensive work and they won't be able to produce good output. Women insisted upon getting their entitled benefits but Jallalludin will not budge under their challenge. Argument and counter challenges were exchanged from both sides and continued for long. It made Indrawati and Shanti to drop their demand leaving Kamrunnisha alone, thinking that Jalalluddin will never consider their request of job. Seeing two of her friends yielding to Jallaluddin's challenge did not deter Kamrunnisha to take the fight to its logical end. She decided to sit on a protest in Jallaluddin's office. It made Jallaluddin to agree by giving 3 days job to Kamrunnisha. She got Rs 426/- at the rate of Rs 142 per day. Members of self-help group to which Kamrunnisha belong feel that Jallaluddin sanctioned her job only because she belongs to minority community. Whatever made Jalaluddin to decide by giving job to Kamrunnisha, it is true for sure that one incidence was not enough to transform him completely but it is also a fact that Jalaluddin will also not deny women from her entitled rights under MGNREGA. Last year, 6 women out of 15 beneficiaries got job for drain construction in Bharpurva village under MGNREGA. Many women now are participating to monitor implementation of government work in village. Issue of corruption, poor construction and discriminations have been raised before Laghu Seemant Krishak Morcha (LSKM). Jallaluddin had tried desperately to stop unionisation of NREGA workers in village. So much so that he has lodged complaints with Police to arrest LSKM leader Mr. Buddhiram for interfering in government work. Women members of LSKM and self-help have put up a brave fight to get Buddhiram released from police detention.

Kamrunnish and women of Bharpurva are learning new lessons in their sojourn of development. They have started believing that men and women are equal partners in development. Gender inequality and discrimination thereof is a social design of unequal resources sharing and control. Other important take away from Bharpurva establishes relevance of community institutions like LSKM where weak, vulnerable and discriminated find their voice to overcome their 'culture of silence'. It otherwise is not possible in a statutory institutional set up under influence and control of government. Bharpurva highlights classic case of limitations of public policies from reaching out to intended beneficiary in society and where state observed negligence of duty could become bane in disguise.



## केस स्टडी – 2

### शराबबन्दी के लिए दो गांवों के मोर्चा सदस्य हुए एकजुट

जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड जंगल कौड़िया व सन्त कबीर नगर के विकास खण्ड मेहदावल की सीमा पर अवस्थित ग्राम घूरापाली व चिकनिया डीह को दो जनपदों की सीमा पर बसे होने का दंश हमेशा ही झेलना पड़ता है। अगल–बगल बसे दोनों ग्रामसभाओं की दूरी मेहदावल विकास खण्ड से लगभग 25 किमी0 की दूरी है। जबकि दूसरे जनपद से इसकी दूरी बहुत कम लगभग 10 किमी0 की होगी। दो जनपदों की सीमा पर बसे होने के कारण यहां पर विकास के कार्यों को बहुत गति नहीं मिल पाती है। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ते सम्पर्क मार्ग की स्थिति बहुत बदहाल है, तो सरकारी योजनाओं की पहुंच भी बहुत हद तक इन गांवों में नहीं हो पाती।

इन दोनों ग्राम सभाओं में ब्राम्हण वर्ग का बाहुल्य है। दूसरे व तीसरे नंम्बर पर क्रमशः पिछड़ी जातियां व अनुसूचित जातियों की संख्या है। बेसलाइन से प्राप्त आंकड़ों व अन्य अध्ययन के तौर पर तीनों जातियों का अनुपात इस प्रकार देखा जा सकता है –




अन्य समस्याओं एवं समानताओं के साथ इन दोनों ग्राम सभाओं में एक बात और भी समान रूप से व्याप्त है। दोनों ही ग्राम सभाओं में लगभग 8–9 घर, जो हरिजन एवं केवट के हैं, जो शराब बना कर गांव में ही बेचने का काम करते हैं। पूरे गांव में शराब एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही थी। इससे परेशान तो सभी लोग थे, लेकिन इस पर बोलने, इसके समाधान के लिए कोई कदम उठाने के लिए कोई भी आगे नहीं आ रहा था। शराब सेवन का प्रभाव सभी परिवारों के उपर पड़ रहा था, लोगों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति पर इस समस्या का कुप्रभाव स्पष्ट दिख रहा था।

फरवरी 2012 से इस गांव का चयन पैक्स परियोजना के अन्तर्गत कर गांव में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जाने लगीं। क्लस्टर में किसान विद्यालयों का संचालन प्रति माह हो रहा था, जिसके तहत् यह व्यवस्था थी कि एक क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाले 5 गांवों में चक्रीय प्रणाली के आधार पर प्रतिमाह किसान विद्यालयों का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में किसान विद्यालय बढ़या ठाठर का जून, 2013 का किसान विद्यालय ग्राम सभा चिकनिया डीह में चलाया गया, जिसमें प्रशिक्षक श्रीमती सरस्वती देवी – लघु सीमान्त किसान मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष, कैम्पियरगंज थी। इसके साथ ही सरस्वती देवी अनुभवी किसान एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में भी अनेक स्थानों पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। इन्हीं के नेतृत्व में किसान विद्यालय पर माहवार चर्चा के बाद चिकनिया डीह व घूरापाली के मोर्चा सदस्यों ने एक रैली निकाली व शराबबन्दी हेतु व्यापक समर्थन देने हेतु लोगों से अपील की।



रैली निकलने से लोगों के अन्दर संस्था एवं परियोजना के प्रति एक उत्साह व विश्वास कायम हुआ और पुनः महिला किसान समूह की नियमित बैठक में महिलाओं के साथ ही पुरूष भी उपस्थित हुए और उन्होंने इस विषय को

चर्चा के मुख्य बिन्दु के तौर पर उठाया। पुनः इसके समाधान के लिए एक व्यापक रणनीति बनाने पर चर्चा हुई।

रणनीति के तहत् माह जून, 2013 के अन्तिम सप्ताह में शराब बनाने के काम में लगे सभी परिवारों (7 परिवार केवट व 1 परिवार हरिजन) के साथ दोनों गांवों के लघु सीमान्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बैठक कर इस मुद्दे पर बात की, जिसका नेतृत्व चिकनिया डीह से श्रीमती शकुन्तला देवी व घूरापाली से श्रीमती कमला देवी व श्री संजय तिवारी ने किया। प्रारम्भ में तो सभी परिवारों ने इस धन्धे को बन्द करने से मना कर दिया, परन्तु कई बार बात–चीत करने तथा मोर्चा द्वारा व्यापक घेराबन्दी करने के बाद इन लोगों ने एक हफ्ते का समय मांगा। इस बारे में इनका कहना था कि हमने कुछ कच्चा माल तैयार कर लिया है, उसे तैयार कर बेच लेने दीजिए। हम फिर से शराब नहीं बनायेंगें। तब इन लोगों ने कहा कि गांव में बिकेगा भी नहीं। इस बात पर ये परिवार राजी हुए कि हम दूसरे स्थान पर ले जाकर इसे बेचेगें। इसी बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि कोई इस शर्त का उल्लंघन करता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा।

शराबबन्दी के कार्य को रोकने के लिए एक निगरानी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें दोनों गांव से कुल 6 सदस्य हैं। इस निगरानी कमेटी का काम है कि वह इस बात को देखता रहे कि कोई शर्त का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। निगरानी कमेटी के एक सदस्य ने 11 अगस्त को मोर्चा पदाधिकारियों को इस बात की सूचना दी कि कपिल हरिजन फिर से शराब बना रहा है, जब मोर्चा के लोग वहां गये तो बात सही थी। कारण पूछने पर उसने कहा कि हम यह अपने पीने के लिए बना रहे हैं। इसे कहीं बेचेगें नहीं। फिर भी शर्त उल्लंघन के एवज में उसने रू0 2000.00 का जुर्माना मोर्चा के पास भरा और उसकी भट्टी व बर्तन सभी तोड़ दिया गया।

आज गांव में शराब नहीं बनने से पीने वालों की संख्या में काफी कमी आयी है। यह तो नहीं है कि सभी लोग पीना एकदम से ही बन्द कर दिये हैं, परन्तु बाहर से पीकर आने वालों की संख्या काफी न्यून है, क्योंकि वहां से चौराहा काफी दूर लगभग 10 किमी0 है, जहां जाना बहुत ही मुश्किल है। मोर्चा के लोग अब इस बात के लिए प्रयासरत हैं कि गांव में शराब पीने वालों को भी रोका जाये। इस हेतु वे अपनी हर बैठक में पुरूषों को भी बुलाती हैं और इस बात के लिए प्रेरित करती हैं कि शराब नहीं पीना चाहिए, शराब पीने से क्या–क्या कठिनाईयां आती हैं और भविष्य में आ सकती हैं। आज मोर्चा व महिला किसान समूह की हर बैठक में शराब बन्दी एक प्रमुख चर्चा के रूप में सामने आती है, जो निश्चित ही सुखद भविष्य का संकेत है।

## केस स्टडी – 3

### एकीकृत खेती प्रबन्धन ने आजीविका सुरक्षा बढ़ाई

#### सामाजिक एवं भौगोलिक स्थिति

जनपद सन्त कबीर नगर के मेहदावल विकास खण्ड का ग्राम पंचायत साड़े कलां जनपद गोरखपुर की सीमा से सटे राप्ती नदी से थोड़ी दूरी पर अवस्थित है। दो टोलों – साड़े कलां खास एवं हरिजन टोला में विभक्त साड़े कलां के एक तरफ राप्ती नदी का बंधा है, तो दूसरी तरफ पनघटवा नाला है, जो जनपद सिद्धार्थनगर में जाकर बूढ़ी राप्ती में मिल जाता है। ये दोनों मिलकर गांव एवं उसके आस–पास बाढ़ एवं जल–जमाव दोनों तरह की परिस्थितियां उत्पन्न करती हैं। बांध की वजह से पानी निकास का कोई उचित प्रबन्धन न होने की वजह से यहां की खेती प्रतिवर्ष जल–जमाव से प्रभावित होती है और

सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस नुकसान का किसानों को कोई मुआवजा भी नहीं मिलता, क्योंकि सरकारी नीति में जल–जमाव को अभी तक आपदा की श्रेणी में नहीं रखा गया है। लगभग 540 घरों वाले इस गांव में रहने वाले लगभग 80 प्रतिशत किसान लघु, सीमान्त किसानों की श्रेणी में आते हैं और लगातार बढ़ती महंगाई तथा बाजार पर किसानों की बढ़ती निर्भरता की वजह से उनके लिए खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। जिसकी पुष्टि नेशनल सैम्पल सर्वे भी करता है। यही कारण है कि आजीविका एवं परिवार की आवश्यकता पूर्ति के लिए यहां लगभग हर घर से पुरूष सदस्य सुदूर शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं।

